सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

9वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – 110092

सत्र: 2024-2025

कक्षा- 6 **हिन्दी पाठ्यपुस्तक** **पाठ- 15**

मौखिक

1. उत्तर बताइए-

(क) जंगल में राजा को उनका अभिमान झूठा जान पड़ रहा था।

(ख) बुद्धि के लिए राजा ने सोचा कि इस समय वह दिशा का ज्ञान नहीं करा सकती।

(ग) राजा को उत्तर देने का अभ्यास नहीं था।

(घ) जब राजा ने वनरक्षक को बताया कि वह एक अफसर है तो वनरक्षक ने कहा कि तुम्हारे पास घोड़ा होना चाहिए। घोड़ा तुम्हारे पास नहीं है। इसलिए उसे राजा की बात में सच्चाई की कमी लगी।

लिखित

2. प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) रास्ते के किनारे खड़े होकर राजा सोच रहे थे मैं है। मैं राजा हूँ। आश्चर्य है, अंधेरा मेरी कुछ भी परवाह नहीं कहता, वह बढ़ता ही आ रहा है। मामूली आदमी की तरह में भी भूल-भटक सकता हूँ। पूरब, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण दिशाएँ भी जो मेरा आतंक मानती थीं, इस समय सब चुप हैं। आज मेरा अभिमान मुझे झूठा जान पड़ रहा है।

(ख) राजा ने इपने झूठ न बोलने का प्रमाण दिखाने के लिए जेब से एक रुपया निकाल कर पुंडरीक की ओर बढ़ाया। फिर कहा यह इनाम और आज रात को मुझे अपनी झोंपड़ी में रहने दो।

(ग) राजा को दरबारी समझकर वन रक्षक ने राजा से कहा कि आज के लिए एक छोटी-सी रिश्वत और कल के लिए एक बड़ा-सा वादा! एक ही साँस में दोनों। मगर मेरे दोस्त, पुंडरीक दरबारी नहीं है।

(घ) वनरक्षक पुंडरीक को राजा की सच्चाई पर संदेह था। संदेह होने के कारण वह राजा से प्रेमभाव नहीं दिखा रहा था।

(ङ) राजा ने पुंडरीक को अनोखा पुरस्कार दिया क्योंकि वह राजा का एक बहादुर अफसर था। वह बहुत नेक और सच्चा था। उसने ईमानदारी के साथ अपना कर्तव्य निभाया। उसने अपने झोपड़ी में राजा को ठहरने कास्थान दिया। राजा पुंडरीक की कर्तव्यनिष्ठा से बहुत प्रभावित थे। उन्हें पुंडरीक की तरह ही राज कर्मचारियों की जरूरत थी।

3. किसने किससे कहा-

(क) वनरक्षक ने राजा से कहा।

(ख) राजा ने वनरक्षक से कहा।

(ग) वनरक्षक ने राजा से कहा।

(घ) सरदार ने राजा से कहा।

(ङ) राजा ने वनरक्षक से कहा।

4. सही विकल्प पर (√) का चिह्न बनाइए-

(क) राजा के अफसर के रूप में

(ख) दस मील

(ग) तलवार